

हरभजन ने कहा गुड जट्टा

# शिखर धवन ने बेटे जोरावर संग किया 'डैडी कूल' पर डांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण सारी दुनिया में खेल गतिविधियां रुकी हुई हैं। इसके चलते इंडियन प्रीमियर लीग को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है। क्रिकेटर भी इस दौरान घर पर ही हैं और परिवार के साथ वक्त बिता रहे हैं।

दुनियभर के ऐथलीट सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ वीडियो और फोटो शेयर कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी इन दिनों ऐसा ही कर रहे हैं। धवन कभी कपड़े धोते हुए अपना वीडियो पोस्ट करते हैं तो कभी अपने बेटे के साथ ट्रेनिंग करते हुए। धवन ने खुद को घर पर कई तरह की ऐक्टिविटीज में बिजी रखा हुआ है। उनका हालिया वीडियो गुरुवार को पोस्ट किया जिसमें वह अपने बेटे जोरावर के साथ बॉलीवुड के मशहूर गीत श्डैडी कूलश है पर डांस कर रहे हैं।

धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन दिया, इस मस्तीखोर इनसान के साथ जिंदगी बहुत मजेदार है! सच बोलूं तो डैडी और बेटा दोनों कूल हैं! इस नन्हे को प्यार।

धवन के इस वीडियो पर हरभजन सिंह ने रिप्लाई किया– श्गुड जट्टा, जोरा पुत्त, सुपर ऐक्टिंग। गौरतलब है कि शिखर धवन को प्यार से गब्बर और जट्ट जी बुलाते हैं। और हरभजन ने भी उसी नाम से संबोधित किया है। इस वैश्विक महामारी के चलते कई खेल गतिविधियां टाल दी गई हैं। ओलिंपिक 2020 को भी अगले साल के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अगले नोटिस तक आईपीएल के इस सीजन को भी स्थगित कर दिया है।

# मैं जायरा वसीम नहीं, धमकियों से नहीं डरती: बबीता फोगाट

## वीडियो ट्वीट कर बबीता ने किया धमकी देने वालों को जवाब

**ट्वीट वार**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के अधिकतर मामलों के लिए जिम्मेदार माने जा रहे रहे तबलीगी जमात पर भारत की चोटी की पहलवान बबीता फोगाट के एक ट्वीट पर संग्राम छिड़ा है। बबीता ने अब खुलकर अपने ट्वीट का बचाव किया है। शुक्रवार को उन्होंने एक विडियो जारी कर विरोध कर रहे लोगों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि वह जायरा वसीम नहीं हैं और न ही वह किसी तरह की धमकी से डरने वाली हैं।

बबीता ने गुरुवार को ट्विटर के जरिए तबलीगी जमात पर निशाना साधा था। अपने ट्वीट में उन्होंने जो हैशटैग इस्तेमाल किया था वह कई लोगों को नागवार गुजरा था। उनके इस ट्वीट के बाद ट्विटर पर लोगों ने उनको घेरना शुरू कर दिया था, इसके साथ ही उनके फैन्स उनके समर्थन में आ गए थे और साथ समर्थन जताने लगे।



दोनों हैशटैग शुक्रवार को टॉप ट्रेंड्स में बने रहे।

बबीता इसके बाद एक वीडियो संदेश के जरिए सामने आईं। उन्होंने कहा, पिछले दिनो से मैंने कुछ ट्वीट पोस्ट किए हैं, जिसके बाद से मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया पर गालियां दे रहे हैं, धमकियां दे रहे हैं और कुछ लोग फोन करके भी धमकियां दे रहे हैं। मैं उन्हें कहना चाहूंगी कि मैं जायरा वसीम नहीं हूं, मैं धमकियों से नहीं डरने वाली। मैंने देश के लिए लड़ी हुं और मैं अपने ट्वीट पर कायम हूं। जो भी मैंने लिखा, उसमें कुछ गलत नहीं था।

इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन दिया– यदि आप बबीता फोगाट को सपोर्ट करते हैं तो उन तक यह बात जरूर पहुंचा दीजिए और उनको बोलिए ध्यान से कान खोल कर सुन लें। उन्होंने कहा, श्मैंने कोरोनावायरस फैलने के बारे में ट्वीट किए थे। मैं आप सबसे पूछना चाहूंगी कि आप ही बताइए कि क्या यह सच नहीं है कि तबलीगी जमात वालों की वजह से ही कोरोना वायरस फैला। अगर वह जमा नहीं होते तो अभी तक हम इस वायरस से आजाद हो गए होगे। मैंने हमेशा सच बोला है और बोलती रहूंगी।

**क्या कहा था बबीता ने:** अर्जुन अवॉर्डी 30 साल की महिला रेसलर बबीता ने लिखा था, कोरोना वायरस भारत की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी समस्या है। जमाती अभी भी पहले नंबर पर बना हुआ है। ऐसा लिखने के बाद कई लोगों ने इस पर विरोध जाहिर किया।

**पहले भी हुआ था अकाउंट सस्पेंड**

इस महीने पहले भी बबीता का अकांउट विवादास्पद ट्वीट्स के कारण ब्लॉक किया गया था। फोगाट ने बाद में सफाई दी थी कि उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ लिखा था।

**कौन थीं जायरा वसीम:** कश्मीरी मूल की अदाकारा जायरा वसीम ने साल 2016 में आई आमिर खान की फिल्म दंगल में गीता फोगाट के बचपन का रोल निभाया था। हालांकि उनके अचानक ऐक्टिंग छोड़ने का फैसला किया था।

# जब गुस्से में कुलदीप यादव से बोले धोनी, मैं पागल हूं, 300 वनडे खेल लिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत को अपनी कप्तानी में वनडे और टी20 वर्ल्ड कप दिला चुके महेंद्र सिंह धोनी को लोगों ने गुस्से में कम ही देखा होगा। इसी के चलते उन्हें कैप्टन कूल भी कहा जाता है। अब टीम इंडिया के चाइनामैन बोलर कुलदीप यादव ने एक वाकया साझा किया जिसमें वह धोनी को गुस्से में देख खुद घबरा गए थे।

धोनी को कम ही मौकों पर मैदान पर गुस्सा करते देखा गया है। वह अपने साथी खिलाड़ियों को डांटते भी हैं तो थोड़ी देर बाद ही संयमित नजर आते हैं और कभी धैर्य नहीं खोते लेकिन कुलदीप एक बार धोनी के गुस्से का शिकार हो गए थे। 25 वर्षीय





बोलर कुलदीप ने प्रजेंटेटर जतिन सप्रू से एक वीडियो चौट के दौरान बातचीत में इस वाकये के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, श्माही भाई (महेंद्र सिंह धोनी) को वैसे तो गुस्सा कम आता है लेकिन एक बार जब हम इंदौर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल मैच खेल रहे थे, तब मैंने उन्हें गुस्सा में देखा। कानपुर के रहने वाले कुलदीप ने बताया, श्हुआ यह कि श्रीलंका के कुसल परेरा ने मेरी गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाया।

धोनी ने विकेट के पीछे से चिल्लाते हुए मुझे कवर और पॉइंट समेत फील्डिंग में बदलाव के बारे में कहा। मैं उनकी बात सुन नहीं पाया। इसके ठीक बाद परेरा ने फिर से मेरी गेंद पर रिवर्स स्वीप पर चौका मार दिया।

जैसे ही दूसरा चौका लगा, धोनी सीधे कुलदीप के पास गए और बोले, मैं पागल हूं, 300 वनडे खेला हूं और समझा रहा हूं यहां पर। कुलदीप ने कहा कि तब वह उन्हें गुस्से में देखकर काफी डर गए थे। मैच के बाद टीम बस में वह धोनी के बगल वाली सीट पर बैठे और उनसे पूछा कि आपको गुस्सा भी आता है।

# ईशांत ने शेयर किया वीडियो, कोहली ने पूछा- क्या हो गया तुझे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान कई क्रिकेटर सोशल मीडिया पर अपनी कलाकारी दिखा रहे हैं। कोई डांस वीडियो शेयर कर रहा है तो कोई आर्टिस्ट बन गया है। अब टीम इंडिया के पेसर ईशांत शर्मा ने अपना एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह इंडोर क्रिकेट खेलते नजर आ रहे हैं लेकिन इसे देखकर कोई अपनी हंसी नहीं रोक पाएगा।

घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर पूरे भारत में 3 मई तक लॉकडाउन घोषित है। इस दौरान खेल जगत की दिग्गज हस्तियां अपने–अपने घर पर समय बिता रही हैं। ईशांत ने भी अपना एक वीडियो शेयर किया।

31 वर्षीय ईशांत इस वीडियो में पहले गेंद हाथ में लिए घर में सीढ़ियों पर बैठे नजर आते हैं। फिर वह हेल्मेट और ग्लव्स पहनकर हाथ में बैट लिए अपने कमरे में जाते हैं और कुर्सी पर बैठ जाते हैं। वहीं, जीरो आने पर आउट माना जाता है। 6 फीट 4 इंच लंबे इस बोलर ने पहली बार बुक खोली तो 8 नंबर निकला, दूसरी बार भी 8 नंबर निकला तो कुल मिलाकर उनके 16 रन हो गए। वह तीसरी बार बुक खोलने पर आउट हो जाते हैं यानी उनके पेज का अंतिम नंबर जीरो निकलता है।

## न्यूज डायरी





### श्रीलंका ने दिया आईपीएल आयोजित करने का प्रस्ताव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को आधिकारिक रूप से अगली सूचना तक टाल दिया गया है। गुरुवार को कोविड–19 वैश्विक महामारी के चलते भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह फैसला किया। बोर्ड अब इस धनाढ्य टी20 टूर्नमेंट के लिए कोई सेफ विंडो तलाश रहा है।

आठ टीमों की इस लीग का आयोजन पहले 29 मार्च से होना था जिसे पहले 15 अप्रैल और फिर अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया। भारत में संपूर्ण लॉकडाउन तीन मई तक चलेगा। इस दौरान यात्रा पर प्रतिबंध जारी रहेगा। ऐसे में इस लीग को टालने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने एक बयान जारी कर बताया कि स्वास्थ्य चिंताओं को देखते हुए आईपीएल गर्वनिंग काउंसिल ने अगले नोटिस तक 2020 सीजन को टालने का फैसला किया है।

### न्यूजीलैंड के रग्बी खिलाड़ी वेतन कटौती पर सहमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के शीर्ष रग्बी खिलाड़ी वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती के लिए सहमत हो गए हैं क्योंकि कोरोना के कारण न्यूजीलैंड रग्बी को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। एनजेडआर और न्यूजीलैंड रग्बी खिलाड़ी संघ ने विस्तृत चर्चा के बाद समझौते की घोषणा की।

इस समझौते के तहत ऑल ब्लैक्स (पुरुष रग्बी टीम), न्यूजीलैंड की महिला और रग्बी सेवंस टीमों के सदस्यों और सुपर रग्बी खिलाड़ियों को इस साल होने वाले संभावित भुगतान का 50 प्रतिशत जारी नहीं करेगा। ब्रसेल्स में बेल्जियम फॉर्म्युला वन ग्रां प्री के आयोजकों ने कहा कि 30 अगस्त को निर्धारित रेस पर संशय बना हुआ है क्योंकि देश में सार्वजनिक समारोह पर प्रतिबंध उस महीने के अंत तक बढ़ा दिया गया है।

### मुझमें हैं कोविड–19 के लक्षण... अगले ही दिन पीएसएल स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यह फैसला अचानक लिया गया जब कुछ मैच खाली स्टेडियम में भी कराए जा चुके थे। अब कराची किंग्स फ्रैंचाइजी के मालिक सलमान इकबाल ने इसके पीछे के कारणों से पर्दा उठाया है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 2020) को स्थगित करने की वजह पहले एक विदेशी खिलाड़ी का कोरोना वायरस संदिग्ध बताया गया था। बाद में जानकारी मिली कि वह खिलाड़ी इंग्लैंड का दिग्गज बल्लेबाज एलेक्स हेल्स है। अब सलमान इकबाल ने बताया कि हेल्स ने बताया कि हेल्स ने रात 2 बजे उन्हें मेसेज पर यह जानकारी दी थी। सलमान ने बीबीसी से कहा, श्पाकिस्तान में तब रात के 2 बज रहे थे। हमें एलेक्स हेल्स का मेसेज मिला जिसमें लिखा था– बॉस, मुझे कोरोना वायरस के लक्षण हैं और मुझे लगता है कि आपको सभी टेस्ट कराने चाहिए। हेल्स कराची किंग्स टीम के साथ खेल रहे थे।

### डालमिया के साथ ने बचाया शोएब अख्तर का करियर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि अगर आईसीसी के अध्यक्ष रहे दिवंगत जगमोहन डालमिया मदद नहीं करते तो शायद शोएब अख्तर का करियर 2000–01 में ही खत्म हो जाता। गौरतलब है कि अख्तर ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 1997 में अपने घरेलू मैदान रावलपिंडी में वेस्टइंडीज के खिलाफ की थी। साल 1999 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पीसीबी को बताया था कि तेज गेंदबाज अख्तर का गेंदबाजी ऐक्शन की जांच की जा रही है। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष डालमिया, जो भारत के सबसे बड़े क्रिकेट प्रशासकों में शामिल हैं, वर्ष1997 से 2000 तक आईसीसी के अध्यक्ष रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल तौकीर जिया, जो 1999 से 2003 तक पीसीबी के अध्यक्ष रहे ने कहा, श्जगमोहन, जो आईसीसी में एक प्रभावी आवाज रखते थे कि ने हमें शोएब अख्तर के बोलिंग ऐक्शन वाले मामले में काफी सहयोग दिया।